कानपुर। मंगलवार ● 7 मई ● 2019 | राष्ट्रीय सहारा

विद्यार्थियों को सोशल मीडिया या मोबाइल से दूर रहना चाहिये।

आईएएस बनना है हरसुख का लक्ष्य

कानपुर। सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के छात्र हरसुख सिंह सागरी ने 98.4 फीसद अंक हासिल कर जिले की मेरिट में संयुक्त रूप से

बिना कोचिंग के पायी विश्वरूप ने सफलता

कानपुर। 98.4 फीसद अंकों के साथ जिले की मेरिट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहने वाले सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के छात्र विश्वरूप डे ने बिना कोचिंग के यह सफलता हासिल की है। विश्वरूप का कहना है कि वह स्कूल की पढ़ाई के बाद सेल्फ स्टडी में ज्यादा समय देते थे। विश्वरूप के पिता स्वरूप कुमार डे एक फैक्ट्री में प्रबंधक और मां झरना डे गृहणी हैं। विश्वरूप का लक्ष्य इंटर के बाद आईआईटी में प्रवेश पाकर इंजीनियर बनना है। हिंदी में 96 अंक पाने वाले विश्वरूप का कहना है कि उन्हें इस विषय में और ज्यादा अंकों की आशा थी।

सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर का रहा वर्चस्व

कानपुर। विद्यालय का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। हरसुख सिंह सागरी व विश्वरूप डी ने 98.4% सर्वोच्च अंक पाकर कानपुर शहर में तीसरा स्थान अर्जित किया। 88 अभ्यर्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिसमें वेदान्त वर्मा 97.8% स्वर्णिमा सिंह 97.8%, स्फिता दीक्षित ने 97.6% अंक अर्जित किए।

कानपुर, 7 मई 2019 दैनिक जागरण 7

हरसुख सिंह सागरी
98.4%
पदमपत सिंहानिया

विश्वरूप डे
98.4%
पदमपत सिंहानिया

आज 7/5/19

सर पदमपत सिंघानिया के मेधावियों ने लहराया परचम

कानपुर,6 मई। सीबीएसई दसवीं के रिजल्ट में सर पदमपत सिंघानिया के मेधावियों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल कर मेधा का परचम लहराया हैं। विद्यालय के चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हारि सिंघानिया,वाईस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया एवं प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि हरसुख सिंह सागरी एवं विश्वरूप डे ने 98.4 फीसदी अंक अर्जित कर संयुक त रूप से स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। वेदांत वर्मा एवं स्वर्णिमा सिंह ने 97.8 संयुक त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि इप्सिता दीक्षित ने 97.6 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रिषित ने 97.2 फीसदी तथा आस्था गुप्ता ने 97 फीसदी अंक प्राप्त किये है।

9-NEXT 7/5/19

टॉपर्स का मुंह मीठा करातीं स्कूल की प्रिंसिपल.

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल से हरसुख और विश्वरूप टॉपर

KANPUR: सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट्स में पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर से हरसुख सिंह सागरी और विश्वरूप डे संयुक्त रूप से स्कूल टॉपर बने. दोनों ने 98.4 परसेंट नंबर स्कोर किए. स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बताया कि दोनों ने सिटी के टॉप-10 स्टूडेंट्स में जगह बनाई. स्कूल में 26 स्टूडेंट्स ने 95 परसेंट से ज्यादा नंबर स्कोर किए. इसके अलावा कई स्टूडेंट्स ने अलग अलग सब्जेक्ट्स में 100 में 100 नंबर भी स्कोर किए. स्कूल की प्रिंसिपल और प्रबंधन की ओर से सभी सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी गई.

I-NEXT 7/5/19

When it comes to Wellness (mind and body), the journey towards health and fitness must be enjoyed with patience, discipline and the right information.@TheShilpaShe

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

सरपदमपत सिंहानिया के स्टूडेंट्स ने इस अंदाज में मनाया सफलता का जश्न..

खुशी के पल स्टूडेंट्स ने सेल्फी लेकर कैमरे में कैद किया..